**दिनांक: 22-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी, सहारनपुर पुलिस द्वारा खेत मे मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की हत्या की घटना का सफल अनावरण, हत्यारोपी पत्नी, प्रेमी व प्रेमी का मित्र गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनाँक 29.05.23 को विकास कुमार की सूचना पर खेत ग्राम चौरादेव में मिले अज्ञात शव के सम्बंध में थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0 97/23 धारा 302 भादवि पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना के सफल अनावरण हेतु दिये गये निर्देशो के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में जब स्थानिय पुलिस द्वारा जांच पडताल की गई तो उपरोक्त शव की शिनाख्त **सन्नी पुत्र जनेश्वर नि0 रविदास मन्दिर के पास थाना गा0हेडी जिला सहारनपुर** के रूप मे हुई। दिनाँक 21.09.23 को थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा मृतक सन्नी की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी तीन अभियुक्तगण- **01.अजय पुत्र रामपाल नि0 झरौली बहलोलपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर, 02.स्वराज पुत्र परसादा नि0 उपरोक्त** को हत्या में प्रयुक्त मोटर साईकिल टीवीएस रेडिऑन नं0 UP11 BS 8876 रंग काला सहित नवादा अड्डा से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्ता **03.मंजू पत्नी स्व0 सन्नी नि0 रविदास मन्दिर के पास थाना गा0हेडी जिला सहारनपुर** को राणा स्टील तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि0 गण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभि0 गण से जब पूछताछ की गई तो अभियुक्त अजय उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मंजू पत्नी मृतक सन्नी को मैं लगभग 12 साल पहले से जानता हूँ, क्योंकी मंजू के मामा हमारे गाँव के है। मंजू अक्सर हमारे गाँव में आती जाती रहती थी। इसी दौरान मेरी व मंजू की आपस में जान पहचान हो गई और हम दोनो एक दूसरे से प्यार करने लगे। हम दोनो आपस में शादी करना चाहते थे लेकिन हम दोनो के परिजन हमारी शादी से नाखुश थे। लगभग 10 साल पहले मंजु की शादी सन्नी से हुई थी। सन्नी को हमारे सम्बंधो के बारे मे जानकारी हो गई थी जिससे हमारा मिलना जुलना लगभग बन्द हो गया था। इसी बात को लेकर सन्नी हमेशा मंजु से मारपीट करता रहता था। हमने सन्नी को बीच से हटाने की योजना बनाई ताकि हम दोनो आसानी से मिल जुल सकें। मंजू का पति सन्नी नशे का आदी था। दिनांक 28.05.2023 को मंजू ने मुझे फोन से बताया कि सन्नी ने आज बहुत नशा कर रखा है, आज अच्छा मौका है। इसके बाद मै अपने गाँव से अपने साथ अपने दोस्त स्वराज पुत्र परसादा को मोटर साईकिल पर लेकर मंजु के घर आया, जहाँ से पूर्व योजना के अनुसार मंजू ने अपने पति सन्नी को हमारी मो0सा0 पर बैठा दिया। फिर हम दोनो सन्नी को बीच में बैठाकर भगवानपुर रोड पर एक अज्ञात सुनसान जगह ले गये, जहाँ सन्नी द्वारा पहनी चमड़े की बैल्ट निकालकर उसका गला घोटकर सन्नी की हत्या कर दी और उसके शव को खेत मे फेंक दिया। जो मोटरसाईकिल हमसे बरामद हुई है इसी पर बैठाकर हम सन्नी को ले गये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पतेः-**

1. अजय पुत्र रामपाल नि0 झरौली बहलोलपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर
2. स्वराज पुत्र परसादा नि0 झरौली बहलोलपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर
3. श्रीमती मंजू पत्नी स्व0 सन्नी नि0 रविदास मन्दिर के पास थाना गा0हेडी जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल टीवीएस रेडिऑन नं0 UP11 BS 8876 रंग काला

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

01-श्री अभितेष सिंह क्षेत्राधिकारी सदर सहारनपुर
02-श्री सुनील नागर प्रभारी निरीक्षक थाना गागलहेडी सहारनपुर
03-व0उ0नि0 श्री अनिल तेवतिया थाना गागलहेडी सहारनपुर
04-उ0नि0 श्री सुरेन्द्रपाल सिंह थाना गागलहेडी सहारनपुर
05-हे0का0 289 जोगिन्द्र सिंह थाना गागलहेडी सहारनपुर
06-हे0का0 286 मोहित शर्मा थाना गागलहेडी सहारनपुर
07-म0का0 1183 प्रियंका थाना गागलहेडी सहारनपुर
08-म0का0 1169 चंचल शर्मा थाना गागलहेडी सहारनपुर

दिनांक: 22-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार, सहानरपुर पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने के प्रकरण मे वांछित 02 महिला अभियुक्ता गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 08.08.2022 वादी श्री सुरेन्द्र ठकराल पुत्र स्व0 उत्तम सिंह नि. न्यू आवास विकास, हरि मन्दिर रोड, थाना सदर बाजार स0पुर द्वारा लिखित तहरीर बाबत ज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के पुत्र शुभम ठकराल द्वारा न्यू आवास विकास, हरि मन्दिर रोड, थाना सदर बाजार, सहारनपुर को आत्माहत्या मे उकसाने पर वादी के पुत्र द्वारा आत्महत्या कर लेना व आत्महत्या के लिए उकसाने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0 438/22 धारा 306 भादवि बनाम- 1.मेघा खत्री पुत्री के. एस खत्री नि. न्यू आवास विकास सदर बाजार (पत्नी शुभम ठकराल), 2. नीलम खत्री पत्नी के.एस. खत्री नि.उपरोक्त, 3.के.एस खत्री पुत्र नामालूम नि. उपरोक्त व 4.अभय खत्री पुत्र के.एस खत्री नि. उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश दिये गये।** आदेशो के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश चन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 22.09.2023 गौतमबुद्ध नगर से 02 अभियुक्ताओं- **1.**मेघा खत्री पुत्री के. एस खत्री नि. न्यू आवास विकास सदर बाजार स0पुर हाल पता गौर सिटी महागुन थाना बिसरक जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश, 2. नीलम खत्री पत्नी के.एस. खत्री नि.उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>विवरण पूछताछः-</u>** पूछताछ पर अभियुक्ता मेघा खत्री ने बताय कि मेरी शादी शुभम ठकराल से वर्ष 2019 में हुई थी। एक महीने बाद ही हम में मतभेद बढ गये थे, फिर अनबन वढने लगी तो मैं अपने मम्मी पापा के पास रहने लगी। बाकी सफाई अपने वकील के माध्यम से देना बताया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता का नाम व पता :-**

1. मेघा खत्री पुत्री के. एस खत्री नि. न्यू आवास विकास सदर बाजार स0पुर हाल पता गौर सिटी महागुन थाना बिसरक जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश
2. नीलम खत्री पत्नी के.एस. खत्री नि.उपरोक्त

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नामः-**

1. उ0नि0 शशांक गिरि थाना सदर बाजर स0पुर
2. है0का0 850 सचिन थाना सदर बाजर स0पुर
3. म0है0का0 01 पुष्पा देवी थाना सदर बाजर स0पुर
4. म0है0का0 120 वीकू थाना सदर बाजार स0पुर
5. म0का0 87 रितु थाना सदर बाजार स0पुर
6. म0का0 280 रूचि थाना सदर बाजार स0पुर

**दिनांकः 22-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा एक शातिर अभियुक्त को 01 नाजायज छुरी के साथ किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराधियों/वांछितो के विरूद्ध की जा रही धरपकड की कार्यवाही के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व मे थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 22.09.2023 को अभियुक्त **मुनफैद पुत्र जमशेद निवासी 1326/2 हिना मस्जिद के पास नदीम कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर वर्तमान पता अख्तर मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर** को मानकमऊ से ककराला पीर माजरा रोड से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 नाजायज छुरी बरामद हुई। बरामदगी के सम्बन्ध मे अभियुक्त मुनफैद उपरोक्त के विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 273/23 धारा 4/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मै लोगो को डराने धमकाने व गलत काम करने के लिये अपने पास यह छुरी रखता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

मुनफैद पुत्र जमशेद निवासी 1326/2 हिना मस्जिद के पास नदीम कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर वर्तमान पता अख्तर मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

01 नाजाजय छुरी **(सम्बन्धित मु0अ0सं0 273/23 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना कुतुबशेर सहारनपुर )**

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 592/18 धारा 3/5/8 गोवध अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0 273/23 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना कुतुबशेर सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री अजब सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 846 जितेन्द्र कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. का0 1835 संदीप कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**दिनांकः 22-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी, सहारनपुर पुलिस द्वारा छेड़खानी के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना गागलहेड़ी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.09.23 को उ0नि0 श्री रोबिल्स कुमार व हे0 का0 127 विनीत कुमार द्वारा एक वांछित अभियुक्त **रवि कुमार पुत्र रणबीर सिंह नि0 ग्राम नागल अहीर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर** सम्बंधित मु0अ0सं0 170/23 धारा 354/354डी भादवि को हरियाबाँस फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार किया गया अभियुक्तः-

रवि कुमार पुत्र रणबीर सिंह नि0 ग्राम नागल अहीर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।

### गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 170/23 धारा 354/354डी भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

(1) उ0नि0 श्री रोबिल्स कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।

(2) हे0का0 127 विनीत कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।

**दिनांकः 22-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारान, सहारनपुर पुलिस द्वारा पॉक्सो अधि0 के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 01.08.2023 को वादिया द्वारा थाने पर लिखित सूचना दी कि अभियुक्त विपिन पुत्र विजयपाल नि0 ग्राम सतीवाला थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर द्वारा मेरी नाबालिक लडकी के साथ छेडखानी की गयी। सूचना पर मु0अ0सं0 229/23 धारा 354/354घ भादवि व 7/8 पोक्सो अधि0 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 अरविन्द कुमार के सुपुर्द की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गये, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में गठित टीम उप0निरी0 अरविन्द कुमार, का0 2215 ललित एवं का0 1525 मोहित द्वारा वाछिंत अभियुक्त **विपिन पुत्र विजयपाल नि0 ग्राम सतीवाला थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर** को दिनांक 22.09.2023 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार अभि0 का नाम पताः-

अभियुक्त विपिन पुत्र विजयपाल नि0 ग्राम सतीवाला थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्र0नि0 नरेन्द्र कुमार शर्मा थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 अरविन्द कुमार थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर।
3. का0 2215 ललित कुमार थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर।
4. का0 1525 मोहित थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर।

**दिनांकः 22-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी एन्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा बाजार में अश्लील फब्तियां कसने वाले मनचले को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 नाजायज चाकू बरामद ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन पर जनपद मे महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हुत चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डी श्री धर्मेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में एन्टीरोमियो टीम द्वारा जे0बी0एस0 तिराहे सड़क सरेआम पर आने जाने वाली महिलाओ व स्कूल की बच्चियों को अश्लील फब्तियां कसने वाले मनचले अभियुक्त **मुनीर पुत्र स्व0 मेहरबान मूल निवासी रामपुर डाडी थाना गंगनहर रूडकी हरिद्वार हाल नि0 खोखो के पास खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त मुनीर उपरोक्त के विरूद्ध थाना मण्डी पर मु0अ0स0 302/23 धारा 294 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-**

मुनीर पुत्र स्व0 मेहरबान मूल निवासी रामपुर डाडी थाना गंगनहर रूडकी हरिद्वार हाल नि0 खोखो के पास खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः-**

1. उ0नि0 संजय शर्मा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0का0 597 मोहसिन खान थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
3. म0का0 988 मीनाक्षी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
4. म0का0 986 शिवानी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

**दिनांकः 22-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी, सहारनपुर पुलिस द्वारा मोटर साईकिल चोरी करके भाग रहे 01 अभियुक्त को मौके पर ही चोरी की मोटर साईकिल के साथ किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी मण्डी के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस द्वारा मण्डी समीति परिसर से चोरी करके भागने का प्रयास कर रहे 01 अभियुक्त **अबुल हसन पुत्र मतलूब निवासी नन्दा कालोनी थाना फरकपुर जिला यमुनानगर हरियाणा** उम्र 37 वर्ष को चोरी की मोटर साईकिल के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त व बरामद मोटर साईकिल को थाने पर लाकर वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 301/23 धारा 379/411 भादवि बनाम अबुल हसन पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को समय से माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

अबुल हसन पुत्र मतलूब निवासी नन्दा कालोनी थाना फरकपुर जिला यमुनानगर हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

01 चोरी की मोटर साइकिल स्पलेन्डर (रंग काला) गाडी न0 UP11W 3871

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः-**

उ0नि0 सुनील वर्मा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।

का0 1830 शुभम सिंह थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।